PRINT

# दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 342873 |
| --- | --- | --- |
| दिनांक (Dated): 15.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 12 | क्रम सं. (Serial No.) 2 |


## सीआइएसएफ भर्ती करेगा 10 हजार खिलाड़ी



सीआइएसएफ के मुख्यालय में पदक विजेता खिलाड़ी • सौ. सीआइएसएफ

जासं, नई दिल्ली : केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) ने वर्ष 2024-25 में खेलों के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 159 पदक जीतकर अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। सीआइएसएफ ने अब तक का सबसे बड़ा खेल भर्ती अभियान शुरू किया है, जो 7 जुलाई से 29 जुलाई तक चलेगा। इसमें हाकी, फुटबाल, बाक्सिंग, वालीबाल, एथलेटिक्स, समेत 12 खेलों में चयन किया जाएगा। सीआइएसएफ का लक्ष्य है कि 2026 तक 10,000 खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया जाए। इसके लिए अगले साल राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज अभियान भी शुरू होगा।